Australian Government
Department of Health, Disability and Ageing

# वृद्ध देखभाल गृहों के निवासियों के लिए COVID-19 टीकाकरण के बारे में जानकारी

यह जानकारी सितंबर 2025 तक सही है।

वृद्ध देखभाल गृहों के निवासियों को गंभीर रूप से बीमार पड़ने से खुद को बचाने के लिए उनको सलाह दिए गए COVID-19 टीके लगवाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। COVID-19 से पैदा होने वाले गंभीर परिणामों के लिए वृद्धावस्था सबसे बड़ा खतरा कारक बनी हुई है।

- **75 वर्ष और इससे अधिक आयु के वयस्कों** को हरेक **6 महीनों** में एक COVID-19 टीका प्राप्त करना चाहिए।
- **65 से 74 आयु वर्ग के वयस्कों** को हरेक **12 महीनों** में एक खुराक प्राप्त करने की सलाह दी जाती है।
- **गंभीर रूप से इम्यूनोकॉम्प्रोमाइज़्ड (कमज़ोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले) 18 से 64 वर्ष की आयु के वयस्कों** के लिए भी हरेक **12 महीनों** में एक खुराक की सलाह दी जाती है।

समय बीतने के साथ-साथ टीके से मिलने वाली सुरक्षा कम होती जाती है, इसलिए नियमित खुराकों से आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा मिलने और गंभीर रूप से बीमार पड़ने, अस्पताल में भर्ती होने या मृत्यु के खतरे को कम करने में मदद मिलती है।

सालाना फ्लू टीकों के दिन ही COVID-19 के टीके भी दिए जा सकते हैं।

यदि सलाह दिए गए समय पर आपको COVID-19 का टीका प्राप्त नहीं हुआ है, तो कृपया जल्द से जल्द अपने वृद्ध देखभाल गृह से आपके टीकाकरण की व्यवस्था करने के लिए कहें।

## सलाह दिया गया टीका कैसे प्राप्त करें

आपका वृद्ध देखभाल गृह यह सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार है कि आपके पात्र बनते ही आप अपनी सलाह दी गई COVID-19 टीके की खुराक प्राप्त कर सकें।

वे गृह में आकर आपको टीका देने के लिए एक विज़िटिंग जीपी, फार्मासिस्ट, या अन्य प्राथमिक देखभाल प्रदाता की व्यवस्था कर सकते हैं। यदि आपको हाल ही में COVID-19 हुआ है, तो भी आप COVID-19 टीका लगवा सकते/ती हैं।

## सहमति देना

वृद्ध देखभाल गृहों के सभी निवासियों को COVID-19 टीका प्राप्त करने से पहले एक वैध सहमति देनी होगी।

टीकाकरण के लिए आपकी सहमति लेने के लिए आपका वृद्ध देखभाल गृह जिम्मेदार है।

वृद्ध देखभाल प्रदाता निवासियों की सहमति को टीका उपलब्ध कराने वाले स्वास्थ्य पेशेवर के साथ साझा करते हैं, ताकि इसे Australian Immunisation Register (AIR) [ऑस्ट्रेलियाई टीकाकरण रजिस्टर]।

मौजूदा टीकाकरण के सुझावों के बारे में और अधिक जानकारी यहाँ प्राप्त करें: https://www.health.gov.au/our-work/covid-19-vaccines/getting-your-vaccination

COVID-19 टीकाकरण के लिए सहमति के बारे में और अधिक जानकारी यहाँ प्राप्त करें:

https://www.health.gov.au/resources/publications/consent-for-covid-19-vaccination-for-older-people-including-aged-care-residents-families-and-carers

आपके गृह के कर्मचारी आपके, आपके अभिभावक या आपकी ओर से निर्णय लेने वाले व्यक्ति के साथ इस बारे में चर्चा करेंगे कि क्या आप COVID-19 टीका प्राप्त करने के लिए सहमति देते/ती हैं। वे एक सहमति फॉर्म भरने में आपकी सहायता करेंगे।

## अभिभावक या किसी वैकल्पिक निर्णयकर्ता द्वारा सहमति

कुछ मामलों में वृद्ध देखभाल में रहने वाले निवासी के स्थान पर संरक्षक या उनके निर्णयकर्ता के लिए यह आवश्यक हो सकता है कि वे निवासी को COVID-19 टीका लगाए जाने की सहमति दें।

ऑस्ट्रेलिया में हरेक राज्य और राज्य-क्षेत्र में संरक्षकता और वैकल्पिक निर्णयकर्ता के लिए अपने-अपने कानून और आवश्यकताएं हैं। यदि आप किसी निवासी की ओर से सहमति दे रहे/ही हैं, तो कृपया अपने राज्य या राज्य-क्षेत्र में एंड्यॉरिंग गार्जियनशिप कानून देखकर सुनिश्चित करें कि सहमति मान्य है और कानूनी आवश्यकताओं को पूरा करती है।

वृद्ध देखभाल गृह टीके के बारे में जानकारी देकर सूचित निर्णय लेने में सहायता करेगा। संरक्षकों को अपना निर्णय लेते समय निवासी की ज्ञात इच्छाओं, चिकित्सीय सलाह और टीकाकरण के जोखिमों व लाभों पर विचार करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

## COVID-19 टीके के पक्ष-प्रभाव

COVID-19 टीकों के सामान्य, हल्के पक्ष-प्रभावों में सिरदर्द होना या हल्का बुखार आना शामिल है और यह आमतौर पर 24 घंटे से अधिक समय तक नहीं रहता है।

यदि आपको कोई चिंताएँ है, तो कृपया अपने जीपी या किसी अन्य स्वास्थ्य पेशेवर से बात करें।

## टीके के प्रकार

ऑस्ट्रेलिया में उपलब्ध सभी टीकों को Therapeutic Goods Administration (TGA) [चिकित्सीय माल प्रशासन] द्वारा एक सख्त आकलन प्रक्रिया के बाद अनुमोदित किया गया है।

आपके टीका प्रदाता आपके लिए उपलब्ध टीकों के विकल्पों के बारे में आपके साथ चर्चा कर सकते हैं।

और अधिक जानकारी के लिए Department of Health, Disability and Ageing [स्वास्थ्य, दिव्यांगता एवं आयुर्वृद्धि विभाग] के वेबपेज पर यहाँ https://www.health.gov.au/our-work/covid-19-vaccines/information-for-aged-care-providers-workers-and-residents-about-covid-19-vaccines/residential-aged-care-residents?language=en जाएँ।